
# भारत में अब न्यूजीलैंड की वाइन और कीवीफ्रूट जैसे सामान हो जाएंगे सस्ते

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन हुआ, 5000 भारतीयों को वर्किंग वीजा मिलेगा, अब न्यूजीलैंड अगले 15 साल में भारत में 1.8 लाख करोड़ रुपए का करेगा निवेश

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



भारत-न्यूजीलैंड के बीच सोमवार 27 अप्रैल को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) साइन हो गया है। अब भारत से न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले लेदर प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे सामानों पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। जिससे इन श्रम-प्रधान क्षेत्रों यानी लेबर इंटेंसिव सेक्टर्स को सीधा लाभ होगा।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे एक पीढ़ी में एक बार होने वाला समझौता बताया। वहीं मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पीयूष गोयल ने इसे भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत बताया है। पीयूष गोयल ने कहा कि यह एफटीए विश्वास, साझा मूल्यों और टिकाऊ आर्थिक विकास के साझा विजन को दर्शाता है। यह समझौता भारत के लिए ओशिनिया और प्रशांत द्वीपीय बाजारों तक पहुंचने का गेटवे भी बनेगा। एग्रीमेंट का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच बाइलेटरल ट्रेड को दोगुना करना और भारत में बड़े विदेशी निवेश को आकर्षित करना है।

एग्रीमेंट के तहत न्यूजीलैंड से अगले 15 साल में भारत में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए) का निवेश आने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय व्यापारियों, विशेषकर आगरा के लेदर एक्सपोर्टर्स के लिए बड़े अवसर खुलेंगे। सर्विस सेक्टर में भारत ने आईटी, शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। समझौते के तहत AYUSH, योगा इंस्ट्रक्टर्स, इंडियन शेफ और म्यूजिक टीचर्स के लिए भी रास्ते खुलेंगे। एफटीए में एक नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा का रास्ता बनाया गया है।

### न्यूजीलैंड को कृषि उत्पादों पर रियायत

न्यूजीलैंड को भारतीय बाजार में पहुंच देने के लिए भारत ने अपनी 70 प्रतिशत टैरिफ लाइन्स खोल दी हैं। इसमें सेब, कीवीफ्रूट और मनुका हनी जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ रियायतें दी गई हैं, लेकिन ये कोटा लिमिट और मिनिमम इम्पोर्ट प्राइस की शर्तों के साथ होंगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड को भारत में अपने 54 प्रतिशत से ज्यादा एक्सपोर्ट पर तुरंत शून्य ड्यूटी मिलेगी। इसमें शीप मीट, ऊन, कोयला और फॉरेस्ट्री प्रोडक्ट्स शामिल हैं। सीफूड, आयरन, स्टील और एल्युमीनियम स्क्रैप पर टैरिफ को अगले 10 सालों में धीरे-धीरे खत्म किया जाएगा। हालांकि, भारत ने अपने घरेलू हितों की रक्षा के लिए डेयरी उत्पादों (दूध, क्रीम, पनीर आदि), प्याज, दालें, चीनी, आर्म्स-अम्युनिशन और कुछ मेटल्स जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को रियायतों की लिस्ट से बाहर रखा है।

### पीएम बोले- किसानों, युवाओं और एमएसएमई को होगा बड़ा फायदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों की साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई, स्टार्टअप और छात्रों सहित अन्य वर्गों को काफी फायदा पहुंचाएगा। मोदी ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड की 20 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग, इनोवेशन और प्रौद्योगिकी में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे दोनों देशों के लिए ज्यादा समृद्ध और गतिशील भविष्य का रास्ता खुलेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण है। मुझे खुशी है कि आज हस्ताक्षर किये गये भारत-न्यूजीलैंड एफटीए हमारी विकासात्मक साझेदारी को अभूतपूर्व गति देगा। यह उस मजबूत भरोसे, साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है, जो हमारे दोनों देशों को जोड़ते हैं।

# फार्मा और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तीन दिन बाद आई तेजी

## सेंसेक्स उछलकर 76,664 पर पहुंचा, निफ्टी 24092 पर बंद

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क



एशियाई बाजारों में पॉजिटिव रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन यानी सोमवार 27 अप्रैल को मजबूती के साथ बंद हुए। तिमाही नतीजों के दम पर फार्मा और आईटी शेयरों के साथ रियल्टी स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार चढ़कर बंद हुआ।

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के शेयरों में भी तेजी से भी बाजार को मजबूत सपोर्ट मिला। साथ ही ईरान के होरमुज़ स्ट्रेट को फिर से खोलने के प्रस्ताव के साथ अमेरिका से संपर्क किया है। इन रिपोर्ट्स का निवेशकों के सेंटीमेंट्स पर पॉजिटिव असर पड़ा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76,856 अंक पर खुला। शुक्रवार को यह 76,664 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान यह 77,420 अंक तक चढ़ गया था। अंत में यह 639.42 अंक या 0.83 फीसदी की बढ़त लेकर 77,303.63 पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 23,945 पर खुला और खुलते ही 24 हजार के पार चला गया। कारोबार के दौरान यह 24,130 अंक के इंट्रा-डे हाई तक गया। अंत में यह 194.75 अंक या 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,092 पर बंद हुआ। जियोजित इंवेस्टमेंट्स में रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की भावना में सुधार का कारण अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीद और वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजे रहे।

# रुपया 14.50 पैसे तक हुआ मजबूत

मुंबई (एजेंसी)। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को एक पैसा मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.15 रुपये का बोला गया। भारतीय इससे पहले लगातार पांच दिन गिरावट में रही थी। इन पांच दिनों में यह 125 पैसे टूट गयी थी।

पिछले कारोबारी दिवस पर यह 14.50 पैसे उतरकर 94.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज सुबह के कारोबार में कमजोर खुला था। यह नौ पैंस गिरकर 94.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में नीचे 94.29 रुपये और ऊपर 94.11 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 94.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार में बड़ी निकासी की।

# सन फार्मा करेगी अमेरिकी दवा कंपनी का अधिग्रहण

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय दवा कंपनी सन फार्मा इसी क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी ऑर्गानॉन का 3.99 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगी। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस संबंध में पक्का समझौता हो गया है।

यह अधिग्रहण सन फार्मा की एक पूर्ण स्वामित्व वाली विदेशी सहयोगी कंपनी के माध्यम से किया जायेगी। इस सौदे के तहत ऑर्गानॉन के शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 14 डॉलर का भुगतान किया जायेगा। इस घोषणा के बाद सन फार्मा का शेयर आज सात प्रतिशत चढ़कर 1,733 रुपये पर पहुंच गया। ऑर्गानॉन का वर्तमान उद्यम मूल्यांकन 11.75 अरब डॉलर है। पिछले साल उसका राजस्व 6.2 अरब डॉलर और परिचालन लाभ 1.9 अरब डॉलर रहा था।


**कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल**
**भदभदा रोड़ भोपाल– 462003**
**E-mail- fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax-0755-2674278**

क्रमांक/प्रबंध/1417 — भोपाल, दिनांक 23/04/26

**ई–निविदा सूचना**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांसाहारी वन्य प्राणियों के भोजन हेतु भैंसा मांस के प्रदाय हेतु अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज / प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपये 1000/–ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/Debit card/Internet banking से भुगतान कर दिनांक 28.04.2026 समय दोपहर 02.00 बजे से ऑनलाइन क्रय किये जा सकेगें।

Bid Submission Start date 28.04.2026 Time 2.00 pm
Bid Submission End date 11.05.2026Time 4.00 pm
Bid Opening Date 12.05.2026 Time 4.00 pm हैं।


| क्र. | सामग्री का नाम | वर्ष में अनुमानित मात्रा लगभग | ई.एम.डी.राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | भैंसा मांस | 60000 कि.ग्रा. | 4,50,000 |

संचालक,
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

G-12104/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


# एनपीएस में सीधे आपके बैंक खाते में आएगा मेडिकल भत्ता

### बिना बिल जमा किए हर तिमाही सीधे बैंक खाते में पैसा आएगा, सालाना लाइफ सर्टिफिकेट जरूरी



● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्र सरकार ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से जुड़े पेंशनभोगियों और उनके परिवारों के लिए प्रक्रिया को आसान बना दिया है।

अब फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस (एफएमए) यानी चिकित्सा भत्ता पाने का सिस्टम आसान और ऑटोमैटिक कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने 16 अप्रैल को जारी अपने नए आदेश में प्रक्रिया को आसान बना दिया है। अब बुजुर्ग पेंशनर्स को फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस (एफएमए) के लिए न तो बार-बार मेडिकल बिल जमा करने पड़ेंगे और न ही दफ्तरों के चक्कर लगाने होंगे। पूरी व्यवस्था बैंक के जरिए होगी और यह भत्ता सीधे उनके बैंक खाते में आ जाएगा। मंत्रालय ने आदेश में बताया है कि अब इस भत्ते का भुगतान बैंकों के सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीपीसी) के जरिए होगा।

# अनुभवी कर्मचारियों को भी ओरेकल ने काम से निकाला

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

टेक जगत की नामी कंपनी ओरेकल में इन दिनों छंटनी का दौर चल रहा है, लेकिन इस बार का तरीका काफी हैरान करने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने उन अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जिन्होंने अपनी जिंदगी के 30 से 33 साल इस संस्थान को दिए थे।

एक झटके में दशकों पुरानी वफादारी को दरकिनार कर इन अनुभवी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जब 1 अप्रैल को सुबह 6 बजे ईमेल के जरिए दुनियाभर के 30 हजार कर्मचारियों की छंटनी की गई तो, उनमें से एक मेल नीना लुईस के पास भी पहुंचा, जो एक सुरक्षा प्रोफेशनल्स हैं जिन्होंने ओरेकल में 33 से ज्यादा का समय बिताया है। लुईस ने लिंक्डइन पर पोस्ट किया कि ओरेकल में 30 साल से अधिक साल के बाद, आज मुझे भी लगभग 30,000 लोगों की तरह नौकरी से निकाल दिया गया है।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से ई - निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: SnT-RTM-26-Tele-07, दिनांक : 24.04.2026. कार्य का नाम**: रतलाम मण्डल में Simhastha 2028 के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचार यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के उन्नयन तथा प्रतिस्थापन हेतु दूरसंचार सामग्री (OFC आधारित दूरसंचार अवसंरचना) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमिशनिंग बाबत। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 4,04,43,206.34. **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **जमानत राशि**: रु. 8,08,900/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: नौ (09) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय**: दिनांक 28.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय**: दिनांक 28.05.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **AK/22**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से ई - निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: Snt_RTM_W_26_Tele_04, दिनांक : 24.04.2026. कार्य का नाम**: RTM-CNA (195 कि.मी.) तथा UJN-DWX-INDB (79 कि.मी.) खंडों में कुल 274 कि.मी. दूरी पर सर्किट की विश्वसनीयता में सुधार हेतु 4 × 48 कोर ऑप्टिकल फाइबर की व्यवस्था के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमिशनिंग बाबत। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 43,12,18,900.18. **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **जमानत राशि**: रु. 86,24,400/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: बारह (12) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय**: दिनांक 25.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय**: दिनांक 25.05.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **AK/23**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)**
**Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048**
**CIN: U40109MP2002SGC015120, e-mail: cepurez@yahoo.in**

No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/IV/193 — Jabalpur, dtd:- 23.04.2026

**TENDER NOTICE**

Online tender is invited for Outsourcing of CA/ICWA firm for the Revenue Audit and System & Expenditure audit of Corporate Office and Field Office of the Company. The Bids will be received online on the portal https://mptenders.gov.in up to date & time as per key dates. The tender will be opened in the office of undersigned as mentioned in tender time schedule (key dates) in presence of bidders duly authorized representative who may like to be present at the time of opening of tender: -

| Sr. No. | T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/EZ/PUR | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1702 (e-Tender No. 2026_PKVVC_499396_1) | Outsourcing of CA/ICWA firm for Revenue Audit and System & Expenditure Audit for the FY 2025-26 of Corporate Office of MPPKVVCL | 1.58 | 590 | 15.05.2026 |
| 2 | TS-1703 (e-Tender No. 2026_PKVVC_499397_1) | Outsourcing of CA/ICWA firm for Revenue Audit and System & Expenditure Audit for the FY 2025-26 of Field Office of MPPKVVCL | 17.14 | 1180 | 15.05.2026 |

*For updated/extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW — C.G.M. (S&P)

" बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें "



**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या DRM-BRC 028 से 030 वर्ष 2026-27**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA/C), वेस्टर्न रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 द्वारा नीचे दिए गए कामों के लिए सीलबंद ई-निविदा मंगाए गए हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या एवं कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) | निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **DRM BRC 028 of 2026-27** ANND:- ADEN-ANND के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मौजूदा हैंड पंपों का एक वर्ष के लिए AMC (वार्षिक रखरखाव अनुबंध)। | 20,43,279.44 | 40,900.00 | निविदा दिनांक **15.05.2026** को **15.00** बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है तथा उसी तिथि को **15.30** बजे खोली जानी है। |
| 2 | **DRM BRC 029 of 2026-27** वडोदरा मंडल:- ADEN-ANND के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह में सुधार और बाड़ लगाना। | 3,89,12,197.60 | 7,78,300.00 | निविदा दिनांक **18.05.2026** को **15.00** बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है तथा उसी तिथि को **15.30** बजे खोली जानी है। |
| 3 | **DRM BRC 030 of 2026-27** वडोदरा - गेरतपुर सेक्शन पर पुल संख्या 645Up, 645DN, 692 का पुनर्निर्माण; रानोली स्टेशन पर CSR (क्लियरेंस स्टैंडर्ड) बढ़ाने के संबंध में पुल संख्या 615 का विस्तार; और रनोली-बाजवा स्टेशनों के डेड एंड्स को जोड़ने के संबंध में पुल संख्या 610, 611, 612, 613 और 614 का विस्तार। | 13,77,72,791.54 | 27,55,500.00 | निविदा दिनांक **20.05.2026** को **15.00** बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है तथा उसी तिथि को **15.30** बजे खोली जानी है। |

**वेबसाइट विवरण तथा उस स्थान के निर्देश जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है कार्यालय का पता: वेबसाइट: www.ireps.gov.in.** मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा -390 004. BRC 017

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


# पतंजलि ने उत्तराखंड में दिखाई चंदन वन की राह

● हरिद्वार / राज न्यूज नेटवर्क




देश में चंदन की खेती लंबे समय तक दक्षिण भारत तक सीमित मानी जाती रही, लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। उत्तराखंड में पतंजलि की ओर से विकसित चंदन वनद्य मॉडल ने साबित किया है कि अनुकूल परिस्थितियों में उत्तर भारत में भी चंदन की सफल खेती संभव है। प्रदेश के कई जिलों में इसके सकारात्मक उदाहरण सामने आ चुके हैं। हरिद्वार स्थित पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने करीब दो दशक पहले चंदन की खेती पर प्रयोग शुरू किए थे।

उस समय उत्तर भारत में इसकी खेती लगभग न के बराबर थी। पतंजलि के रिसर्च सेंटर और औषधीय उद्यान में लगाए गए चंदन के पौधों पर किए गए अध्ययन में सकारात्मक परिणाम मिले, जिसके बाद राज्य के कई जिलों में किसानों और निजी संस्थाओं ने इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

संख्या :- EL-2025-26-43R, 48R, 49R & EL-2026-27-02 — दिनांक: 24.04.2026

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल रेल प्रबंधक ( बिजली / पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-43R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Godhra Bhopal-Electrical work in connection with Reconstruction of old Dilapidated TSS, SP, SSP & TRD depots buildings., Depot-9, TSS-5, SP-3, SSP11. **अनुमानित लागत**: रु 47,31,959.48. **बयाना राशि**: रु 94,600/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 19.05.2026.

**क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-48R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Electrical work in connection with Augmentation of water supply arrangement at various 12 stations in connection with Simhastha 2028. **अनुमानित लागत**: रु 1,25,06,359.92. **बयाना राशि**: रु 2,50,100/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 19.05.2026.

**क्र. सं.: 3. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-49R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Ujjain - Electrical work in connection with improvement to circulating area and drainage towards PF 1 and 8. (Simhastha-2028). **अनुमानित लागत**: रु 1,18,95,430.96. **बयाना राशि**: रु 2,37,900/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 26.05.2026.

**क्र. सं.: 4. ई-टेंडरिंग: EL-2026-27-02. कार्य का नाम**: Ratlam Division Electrical work in connection with Augmentation, upgradation of Telecom infrastructure with MPLS NOC at DRM office premises and OFC cable huts at 07 stations: (Morwani, Raoti, Berawanya, Ratlam 'A' Cabin Khachrod, Santroad, Kansudi). **अनुमानित लागत**: रु 16,24,320.98. **बयाना राशि**: रु 32,500/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 26.05.2026.

विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है। **AK/21**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार अवध किशोर राठौर पुत्र स्व. श्री श्याम लाल राठौर आयु-वयस्क निवासी-मकान नं-59, गली नंबर-5 जाग्रती कॉलोनी पुष्पा नगर, हुजूर जिला भोपाल म.प्र. की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उन्होंने अपने बड़े पुत्र दया शंकर राठौर, पुत्रवधु श्रीमती भारती राठौर एवं छोटे पुत्र अमर सिंह राठौर तथा पुत्रवधु श्रीमती पूनम राठौर को उनके द्वारा रूपयों पैसो की मांग को लेकर मेरे पक्षकार एवं उसकी पत्नि के साथ अभद्र एवं अपमान जनक व्यवहार करने, लड़ाई झगड़ा करने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण दुखी, विचलित एवं व्यथित होकर उन्हें पुत्र एवं पुत्रवधु सम्बंधी समस्त अधिकारों से वंचित कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरे पक्षकारगण एवं उनकी पत्नि का अपने बड़े पुत्र दया शंकर राठौर, पुत्रवधु श्रीमती भारती राठौर एवं छोटे पुत्र अमर सिंह राठौर तथा पुत्रवधु श्रीमती पूनम राठौर से कोई सम्बधं/रिश्ता नहीं रहा है। दया शंकर राठौर, पुत्रवधु श्रीमती भारती राठौर एवं अमर सिंह राठौर तथा पुत्रवधु श्रीमती पूनम राठौर के किसी भी प्रकार के पुलिस प्रकरण अथवा न्यायालयीन प्रकरण, लेन-देन तथा किसी भी प्रकार के संव्यवहार से अब मेरे पक्षकार एवं उनकी पत्नि का कोई संबंध नहीं रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त दया शंकर राठौर, पुत्रवधु श्रीमती भारती राठौर एवं अमर सिंह राठौर तथा पुत्रवधु श्रीमती पूनम राठौर से कोई सम्बंध रखता है या संव्यवहार करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार होगा।

**खालिद हफीज** एडवोकेट
कार्यालय- 3, अहाता मनकशाह पुल बोगदा, भोपाल
**मो. 9993374688**


# अहमदाबाद मंडल के 4 कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



● अहमदाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने अहमदाबाद मंडल के चार कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मैन ऑफ द मन्थ (फरवरी-2026) संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रभाष कुमार यादव ने अपनी ड्यूटी के दौरान दो अलग-अलग अवसरों पर उच्च स्तर की सतर्कता का परिचय दिया।

सुबोध कुमार ने ड्यूटी के दौरान गुजरती ट्रेन के एक वैगन में हैंगिंग पार्ट (सेफ्टी रॉड) देखा। उन्होंने तुरंत लाल संकेत देकर ट्रेन को रुकवाने की प्रक्रिया शुरू की और स्टेशन मास्टर को सूचित किया।


MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/05/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भोपाल, इन्द्रपुरी, 0111690730055914, कोलर रोड भोपाल, 0119550700054046, मिसरोद भोपाल, 0117820700037960, दमोह, हट्टा, 0138720730003099, 3572, रायसेन, मंडीदीप भोपाल, 0117990700037081, 8479, 0578, मुखर्जी नगर रायसेन, 0129320700033186, 5009, द्वन्थद्धझ्ध, भगवानगंज सागर, 0126380750000034, कृष्ण गंज सागर, 0129260730022306, 0129260750000140, प्रकुटा बाजार सागर, 0115260700037742, 7991, 8223, 9629, 9661, 0115260730022079, 0146, विदिशा , बासौदा, 0138190750000203, सविल लाइन विदिशा , 0134200700017039, 0250,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्या.– 502, टावर–ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 मंडल कार्यालय का पता– 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली – 110060

**परिशिष्ट IV आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जहां कहीं, सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी तौर पर उपरोक्त सूचना की प्राप्ति से 60 दिवस के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ताओं/प्रतिभूतिकर्ताओं को माँगपत्र(त्रों) जारी किया था। ऋणकर्ता(गण)/ प्रतिभूतिकर्ता(गण) राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है, इस सूचना द्वारा ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ता का ध्यान उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्तियों को पुन: प्राप्त करने हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर दिलाया जाता है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार सीजीएचएफएल की राशि एवं उस पर देय ब्याज के शुल्क के विषयांतर्गत होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं) / प्रतिभूतिकर्ताओं का नाम | अचल संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का विवरण | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या) LNHLBIA000088143 (पुराना) 503000000648953 (नया) हमारी ब्यावरा शाखा का रामबाबू दांगी (उधारकर्ता) श्री चंदर सिंह दांगी, श्रीमती धापूबाई दांगी (सह–उधारकर्ता) | संपत्ति का वह संपूर्ण हिस्सा जिसमें भूमि और भवन शामिल है, मकान नंबर 15, वार्ड नंबर 11, पीएचएन 16, ग्राम रणजीतपुरा, तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, जिसका क्षेत्रफल 1369.85 वर्ग फुट है। सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर आम सड़क, दक्षिण रामनारायण जी की खुली भूमि, पूर्व रामनारायण जी का मकान, पश्चिम आम सड़क | 09–12–2025 रु. 7,72,330/– | 25.04.2026 |
| 2. | (ऋण खाता संख्या) 53200000965772 हमारी ब्यावरा शाखा का) पवन सिसौदिया पुत्र श्री नारायण सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती मनीषा, पत्नी श्री पवन सिसौदिया (सह–उधारकर्ता) | जिसका मकान नंबर 15 है, भूमि का क्षेत्रफल 100.97 वर्ग मीटर (यानी 1086.5 वर्ग फुट) है। वार्ड नंबर 04, खसरा नंबर 255, पीएच नंबर 41, ग्राम और ग्राम पंचायत लिंबोदा, तहसील – खिलचीपुर, जिला – राजगढ़, मध्य प्रदेश – सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर कैलाश जी की भूमि, दक्षिण सड़क, पूर्व मनोहर का मकान, पश्चिम भगवान सिंह का प्लॉट | 12–12–2025 रु. 11,08,754/– | 23.04.2026 |
| 3. | (ऋण खाता संख्या) LNHLBIA000052926 (पुराना) 503000000636181 (नया) हमारी ब्यावरा शाखा का) सतीश वर्मा (उधारकर्ता) श्री धनराज वर्मा, श्रीमती कला बाई (सह–उधारकर्ता) | संपत्ति का वह संपूर्ण टुकड़ा और हिस्सा जो एक प्लॉट/भूमि है, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है। यह डायवर्टेड सर्वे नंबर 1115/1/3/5 का हिस्सा है, पटवारी हल्का नंबर 31, वार्ड नंबर 15, तात्या टोपे कुंज (मोगिया मोहल्ला तहसील ब्यावरा जिला–राजगढ़ मध्य प्रदेश–465674 सीमा इस प्रकार है:, उत्तर प्लॉट नंबर 15 सुषमा दिनकर का, दक्षिण गोकुल प्रसाद यादव का प्लॉट, पूर्व 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम मोनू जाटव की भूमि | 05–02–2026 रु. 8,54,892/– | 23.04.2026 |

स्थान : राजगढ़ (मध्य प्रदेश) — हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
दिनांक : 28–अप्रैल–2026 — कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए